दिनांक: 24.07.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

**प्रधानमंत्री ब्रिटेन-यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज लंदन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ वार्ता करेंगे। यह वार्ता, दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को नई गति देने पर केन्द्रित हो सकती है। दोनों देशों के लिए लाभदायक मुक्त व्यापार समझौते पर भी आज हस्ताक्षर किए जाएंगे। **इसके ▯हले** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लंदन में आत्मीय स्वागत के लिए भारतवंशियों का आभार व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि भारतवंशियों का अनुराग और भारत की प्रगति के लिए उनकी उत्कंठा हृदय को छूने वाली है।

मुख्यमंत्री वन प्रबंधन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में राज्य वन विकास निगम की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती वर्ष का उद्घाटन और राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विजन @ 2047 पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश वन आधारित जीवन शैली समझी जा सकती है।

औद्योगिक इकाई-भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव  आज भोपाल के अचारपुरा में 406 करोड़ के निवेश वाली 5 औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन करेंगे। साथ ही 8 उद्योगों के निवेशकों को भूमि आवंटन के आशय-पत्र भी सौपेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत अचारपुरा स्थित गोकलदास एक्सपोर्ट्स की गारमेंट यूनिट के भ्रमण से होगी, जहाँ लगभग 2500 महिलाएँ कार्यरत हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री महिला श्रमिकों से संवाद करेंगे और इकाई में हो रहे उत्पादन कार्यों का अवलोकन करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव टेक्सटाइलए फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर से जुड़ी 5 प्रमुख इकाइयों का भूमि -पूजन करेंगे। इससे 1500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

**बॉम्बे हाईकोर्ट**

सर्वोच्च न्यायालय ने 2006 के मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले में सभी 12 आरोपियों को बरी करने के बम्बई उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी है।

सर्वोच्च न्यायालय ने आज महाराष्ट्र सरकार द्वारा दायर आपराधिक अपीलों पर नोटिस जारी किया, जिसमें बम्बई उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें 2006 के मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले में सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया था।

मौसम

प्रदेश में जुलाई महीने में मानसून जमकर बरस रहा है। कई जिलों में लगातार बारिश से नदियां उफान पर आ गयी है और बांद पूरे भर चुके हैं। आज सुबह शिवपुरी में अटल सागर बांध मडीखेड़ा के दो गेट खोले गए हैं। कल शाम रायसेन में बारना बांध के 4 गेट खोलकर दस हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। राजधानी भोपाल में सुबह से रिमझिम बारिश हो रही है। इंदौर में भी ऐसा ही मौसम है। पिछले 24 घंटे के दौरान पचमढ़ी में 3.4 इंच पानी गिर गया। छिंदवाड़ा में 2.6 इंच गिरा है। मौसम विभाग ने आज 20 जिलों में अतिभारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**समाचार संक्षे में** .....

- नर्मदापुरम जिले के प्रसिद्ध नागद्वारी मेले के दौरान सॉलिड वेस्ट मेनेजमेंट के जरिए कचरे का स्मार्ट प्रबंधन किया जा रहा है। इस दौरान श्रद्धालुओं और दुकानदारों को भी जागरूक किया जा रहा है।
- नीमच में पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की माँग को ध्यान में रखते हुए पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन पुन: शुरू की जा रही है। यह ट्रेन 26 जुलाई से प्रति शनिवार एवं रविवार को चलेगी।
- जबलपुर में बेटियां आत्मरक्षा में सक्षम होंगी तो अपराधियों के हौसले खुद-ब-खुद पस्त हो जाएंगे। इस उद्देश्य के साथ शिक्षा विभाग जबलपुर जिले के शासकीय स्कूलों की 10 हजार छात्राओं को मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण देगा।

- **शिवपुरी जिले में** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा "नालसा बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2024" और "पॉक्सो अधिनियम" के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।
- पन्ना जिले मे हरियाली अमावस्या के अवसर पर आज से आगामी 5 दिन तक नवांकुर सखी हरियाली कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
- आज हरियाली अमावस्या है। हिंदू पंचांग के अनुसार, श्रावण मास में आने वाली अमावस्या को श्रावणी अमावस्या भी कहा जाता है। देश में इस त्योहार को प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरियाली अमावस्या पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है।

**नमस्कार।**

------------------------